पटना नगर निगम

پٹنہ میونسپل کارپوریشن

PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका

1864

CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 12373

Date / दिनांक: 01/08/2026

Date: 01-08-2026 2026 12373

**अतिमहत्वपूर्ण**

प्रेषित,

M/s Virtuous India Private Limited,
मानवबल आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी
पटना नगर निगम।

**विषयः-** **दिनांक 30.07.2026 तथा दिनांक 31.07.2026 को मानवबल की उपस्थिति नगण्य रहने के कारण स्पष्टीकरण के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के सफल संपादन हेतु निविदा के माध्यम से आपके द्वारा मानवबल की आपूर्ति की जा रही है, जिसके आलोक में निम्नानुसार अधियाचना की मांग अंचल कार्यालय के द्वारा की जाती है।

उल्लेखनीय है कि पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के द्वारा 30 जुलाई 2026 से आहूत हड़ताल के दौरान यह पाया गया है कि आपके द्वारा स्वीकृत बल के विरूद्व कर्मियों की आपूर्त्ति नगण्य कर दी गयी है। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि आप उक्त हड़ताल का समर्थन करते हुए निगम कार्य को प्रभावित करने की साजिश में सम्मिलित है।

उपरोक्त के संबंध में हड़ताल को ध्यान में रखते हुए पटना नगर निगम क्षेत्र में किसी प्रकार स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े, इस हेतु आपकों दिनांक 25.07.2026 को पत्रांक 19/CAMP से सूचित किया गया था एवं यह भी निदेशित किया गया था कि आपके एजेन्सी के द्वारा इस हड़ताल में किसी भी प्रकार की सहभागिता/संलिप्तता नहीं की जायें और वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर पर्याप्त मानवबल की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

विदित हो कि एकरारनामा के कंडिका **6** में Penalties for Lapses/Shortfall के क्रम संख्या 15 के अन्तर्गत पेनाल्टी हेतु इस प्रकार प्रावधान है "If any of the manpower deployed by the agency will disobey to carry out order of the PMC or any of its official; he/she may be sent back and substitute is to be provided by agency within 2 days. If agency fails to provide the substitute manpower within stipulated time, the agency will be fined. **Rs 300/- Per day per person."**

उक्त के आलोक में दिनांक 30.07.2026 तथा 31.07.2026 को आपसे अधियाचित मानवबल के विरूद्व नहीं उपलब्ध कराये गये मानवबल एवं एकरारनामा के आलोक में पेनाल्टी की विवरणी निम्न प्रकार है:-

| क्र० | अंचल का नाम | कुल संख्या | दिनांक 30.07.2026 को Bio-Metric के अनुसार मानवबल | दिनांक 30.07.2026 का Penalties | दिनांक 31.07.2026 को Bio-Metric के अनुसार मानवबल | दिनांक 31.07.2026 का Penalties |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) | नूतन राजधानी | 528 | 177 | 1,05,300/- | 92 | 1,30,800/- |
| 2) | पाटलीपुत्र | 693 | 169 | 1,57,200/- | 64 | 1,88,700/- |
| 3) | कंकड़बाग | 597 | 90 | 152,100/- | 24 | 1,71,900/- |
| | कुल | 1799 | 436 | 4,14,600/- राशि (चार लाख चौदह हजार छः सौ) रूपये | 180 | 4,91,400/- राशि (चार लाख इक्यानवे हजार चार सौ) रूपये |

साथ ही भविष्य में भी हड़ताल अवधि के दौरान पर्याप्त संख्या में मानवबल की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक ............
Date / दिनांक ..................

अत: उक्त के आलोक में संबंधित माह के विपत्र से उपरोक्त पेनाल्टी की कटौति की जायेगी। साथ ही 24 घन्टे के अन्दर यह स्पष्ट करें कि क्यों नहीं आपके उपरोक्त कृत्य के लिए एकरारनामा रद्द करते हुए एजेन्सी को काली सूची में शामिल करने की कार्रवाई की जाए।

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :-.............................................12373, दिनांक :-01.08.2026

प्रतिलिपि :-अपर नगर आयुक्त (सफाई)/सभी कार्यपालक पदाधिकारी/टीम लीडर सीए टीम, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :-.............................................12373, दिनांक :-01.08.2026

प्रतिलिपि :-

1. वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
2. जिला पदाधिकारी, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
3. आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
4. सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।
5. प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

नगर आयुक्त,
पटना नगर निगम